जयसिंह अग्रवाल
पूर्व मंत्री
छ.ग. शासन

''स्वर्ण सिटी''
वार्ड क्रमांक 01, दर्री रोड, कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.) 495677
फोन नं. 94252-24712

पत्र क्र. KRB/Res./2026-27/088 दिनांक : 03/04/2026

प्रति, [illegible]
माननीय मुख्यमंत्री,
छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर

विषय – जन सुरक्षा से जुड़े अत्यंत गंभीर विषय — BALCO के भारी औद्योगिक उपयोग से क्षतिग्रस्त ध्यानचंद चौक (दर्री बैराज) से परसाभाठा बाजार चौक होते हुए रिस्दी चौक तक मार्ग का निर्माण BALCO प्रबंधन द्वारा अपने व्यय से फोर–लेन सी.सी. सड़क का निर्माण कराए जाने बाबत।

महोदय,

विषयांतर्गत अवगत कराना आवश्यक है कि कोरबा जिले में ध्यानचंद चौक (दर्री बैराज) से परसाभाठा बाजार चौक होते हुए रिस्दी चौक तक का मार्ग वर्तमान में अत्यंत जर्जर, खतरनाक एवं आमजन के लिए असुरक्षित स्थिति में है।

यह सर्वविदित है कि उक्त मार्ग का लगभग 90% उपयोग BALCO कंपनी द्वारा किया जाता है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में भारी वाहन – एल्यूमिना पाउडर, कोयला, एल्यूमिनियम उत्पाद, फ्लाई ऐश एवं भारी मशीनरी के परिवहन हेतु संचालित होते हैं। विशेष रूप से ध्यानचंद चौक से परसाभाठा बाजार चौक तक निर्मित सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है तथा परसाभाठा से रिस्दी चौक तक का मार्ग भी अत्यंत जर्जर स्थिति में है।

इसी अत्यधिक औद्योगिक दबाव के कारण सड़क एवं पुलों की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है तथा लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस मार्ग पर स्थित बेलगिरी नाला एवं ढेंगुर नाला के पुल सहित अन्य छोटे पुल भी अत्यंत जर्जर एवं जोखिमपूर्ण स्थिति में हैं, जो किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

वर्तमान में BALCO द्वारा अपने विस्तार परियोजना में लगभग ₹10,000 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में अपेक्षित है कि – अपने औद्योगिक उपयोग से क्षतिग्रस्त अधोसंरचना का निर्माण स्वयं अपने व्यय से करें।

Scanned with OKEN Scanner

जयसिंह अग्रवाल
पूर्व मंत्री
छ.ग. शासन

''स्वर्ण सिटी''
वार्ड क्रमांक 01, दर्री रोड, कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.) 495677
फोन नं. 94252-24712

पत्र क्र. ....   दिनांक : ....

अतः आपसे आग्रह है कि – जिला प्रशासन एवं BALCO प्रबंधन के मध्य एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कराने हेतु निर्देशित किया जाए, जिसमें उक्त मार्ग के निर्माण हेतु BALCO द्वारा राशि स्वीकृत कराते हुए कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

यह विषय प्रत्यक्ष रूप से जन सुरक्षा, जनहित एवं सार्वजनिक संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग से जुड़ा हुआ है। अतः इस पर तत्काल संज्ञान लेकर उचित निर्णय लिया जाना अत्यंत आवश्यक है।

जयसिंह अग्रवाल
(जयसिंह अग्रवाल)

प्रतिलिपि –

1. मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
2. कलेक्टर, जिला कोरबा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner